ब्रीफ खबरें

### विधायक ने दो सड़क निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

**चक्रधरपुर।** पश्चिमी सिंहभूम जिला के गोईलकेरा प्रखंड की सुदूरवर्ती क्षेत्र बारा पंचायत के टाटीबेड़ा गांव में मंगलवार को मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक सह पूर्व मंत्री जोबा माझी ने डीएमएफटी फंड से बनने वाले दो सड़क का शिलान्यास किया.दोनों सड़क का निर्माण हो जाने से कई गांव के ग्रामीणों को सुविधा होगी. विधायक सह पूर्व मंत्री जोबा माझी ने बारा पंचायत के बारा गांव में घनश्याम पूर्ति के घर से टाटीबेड़ा सीमा तक पीसीसी सड़क व बारा पंचायत के तामसाई मुख्य सड़क से बन्दुकाबेड़ा से बीडी पोटो जाने वाली सड़क तक पीसीसी सड़क का शिलान्यास पूजा अर्चना कर शिलापट्ट का अनवरण कर किया.

### मारपीट करने वाले पांच लोगों के खिलाफ थाना में मामला दर्ज

**नोवामुंडी।** जगन्नाथपुर के मौला नगर निवासी आकिब जावेद ने पांच लोगों के खिलाफ जानलेवा मारपीट करने का मामला थाना में दर्ज कराया है. 19 फरवरी को जगन्नाथपुर थाना में दर्ज मामले में अनवर अंसारी ,नवाज हुसैन उर्फ बिरसा, अजय, तौसीफ, आसिफ इकबाल और पुतलु को जानलेवा मारपीट के आरोपी बनाया है. मामले को लेकर बताया गया है कि 6 से 7 महीने पूर्व हाईवा संख्या जेएच 05 सीवाई 1215 के ट्रांसपोर्टर अनवर अंसारी उर्फ जोनी की देखरेख में चल रहा था.

### बाइक से गिरकर बाइक सवार की हुई मौत

**चांडिल।** चांडिल-कांड्रा सड़क पर चांडिल थाना क्षेत्र के मानीकुई के पास मंगलवार को हुई सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मत्यु हो गई. मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है. मिली जानकारी के अनुसार मृतक बाइक पर कांड्रा की ओर जा रहा था. इसी दौरान बाइक से गिरकर उसकी मृत्यु हुई है. सड़क पर जा रहे राहगीरों ने इसकी सूचना चांडिल थाना की पुलिस को दी. सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस से उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया.

### स्कूल ऑफ लॉ ने मनाया सामाजिक न्याय दिवस

**जमशेदपुर।** अरका जैन यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ लॉ की ओर से मंगलवार को ₹विश्व सामाजिक न्याय दिवस₹ मनाया गया. इस उपलक्ष्य में मोहनपुर गांव में एक 'फूड ड्राइव' का आयोजन किया गया, जहां छात्रों ने पोस्टर बनाए और थीम पर सामाजिक जागरूकता फैलाने का प्रयास किया.इसका थीम था ₹बाधाओं पर काबू पाना और सामाजिक न्याय के लिए अवसरों को उजागर करना". छात्रों ने भारतीय संविधान के तहत मौलिक अधिकारों, मानवाधिकार आदि का पालन करने की शपथ ली.

### ईंट भट्ठा में बने गड्ढे में गिरने से मजदूर की मौत

**घाटशिला।** थाना क्षेत्र के बड़ाजुड़ी गांव स्थित विकास अग्रवाल के ईंट भट्ठा में बने एक गड्ढे में गिरने से चुकरीपाड़ा गांव निवासी डीयूका मुर्मू नामक मजदूर की मंगलवार को मौत हो गई. अनन फानन में परिवार वालों ने मजदूर को उठाकर अनुमंडल अस्पताल लाया. अनुमंडल अस्पताल के चिकित्सकों ने जांचों उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया. मृतक मजदूर के पुत्र दिनेश मुर्मू एवं परिवार के अन्य सदस्यों ने बताया कि ईट भट्ठा के पास एक गढ़ा बना हुआ था उस गड्ढे में घुटने बराबर पानी भरा था जिसमें गिरने से ही उसकी मौत हुई है.

---

जिला स्कूल चाईबासा में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन

# अभिभावक बच्चों में परीक्षा का भय न दें : दोदराजका

**संवाददाता। चाईबासा**



राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग नई दिल्ली के तत्वावधान में शनिवार को परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन जिला स्कूल चाईबासा में किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में परीक्षा के समय होने वाले तनाव को कम करना है. जिससे बच्चे तनाव रहित माहौल में परीक्षा दे सके.कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य विकास दोदराजका ने कहा की हम सबने भी विधार्थी जीवन में परीक्षाओं का सामना किया है. लेकिन आज के परिवेश में बच्चे परीक्षा को लेकर अधिक तनाव में रहते हैं जो कि उनकी मानसिक स्थिति को प्रभावित करता है. परीक्षा को सहज रूप में लेना चाहिए. बच्चों में इसे लेकर अनावश्यक तनाव न दें उनको मानसिक रुप से सशक्त बनाना है. हम अभिभावकों की यह जिम्मेदारी लेनी है कि अपने बच्चों से मित्रवर व्यवहार रखें. ताकि बच्चे अपनी सभी परेशानियों को बिना किसी झिझक के उनके साथ साझा कर सके. साथ ही वर्तमान समय में मोबाइल के इस्तेमाल से बच्चों पर होने वाले दुष्प्रभावों को लेकर भी उन्होंने चिंता व्यक्त की. उन्होंने अभिभावको और शिक्षको से कहा की मोबाइल को एक तकनीक के रूप में देखें जो कि बच्चों के भविष्य निर्माण में उनकी सहायता कर सकता है. कार्यक्रम में सम्मिलित प्रतिभागियों से विकास दोदराजका ने आग्रह किया कि वह अपने सुझाव विचार एवं अनुभवों को साझा करें ताकि अन्य सभी प्रतिभागियों के लिए भी हितकारी हो.

**शिक्षकों और बच्चों के बीच मित्रवत व्यवहार हो :** रवीश कुमार ने कहा की बच्चों में परीक्षा के समय होने वाले तनाव को कम करने की जिम्मेदारी हम शिक्षकों एवं अभिभावकों की है. अतः हमें विशेष रूप से इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि बच्चे की मानसिक स्थिति परीक्षा से पूर्व एवं परीक्षा के दौरान किस प्रकार की है तथा हम उनसे कितना मित्रवत व्यवहार रखकर उनकी परेशानियों को सुनते, समझते एवं निष्कर्ष पर पहुंचते हैं .

### परीक्षा को उत्सव की तरह मनाये : एडीपीओ

कार्यक्रम में शामिल एडीपीओ अमित कुमार ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की वर्तमान परिवेश में परीक्षा को उत्सव की तरह मनाने की आवश्यकता है . जिस प्रकार हम लोग दशहरा दिवाली होली या अन्य त्योहारों का उत्सव मनाते हैं . ठीक उसी प्रकार बच्चों के अंदर परीक्षा को लेकर एक उल्लास के संचार की आवश्यकता है . जिसकी जिम्मेदारी हम अभिभावकों एवम शिक्षकों की है . बच्चे परीक्षा को भय के रूप में ना लेकर के अपने भविष्य निर्माण की सीढी के रूप में देखें, जो की निरंतर अभ्यास से संभव है .

---

टोकलो में रक्तदान सह स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

# शिविर में 46 यूनिट का रक्त संग्रह, मुफ्त स्वास्थ्य जांच हुई

**संवाददाता। चक्रधरपुर**



चक्रधरपुर प्रखंड की सुदूरवर्ती क्षेत्र भरनिया पंचायत के टोकलो हाई स्कूल में मंगलवार को चक्रधरपुर की सामाजिक संगठन हेल्थ सोसाईटी व मधुसूदन मेमोरियल ट्रस्ट के तत्वाधान में रक्तदान सह स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया. शिविर का शुभारंभ दीप जलाकर किया गया. इस अवसर पर कुल 46 यूनिट रक्त संग्रह किये गये.वहीं चाईबासा व अन्य जगहों पर पहुंचे डॉक्टरों की टीम ने लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कर जरुरत के निःशुल्क दवाईयों का भी वितरण किया.इस मौके पर ग्रामीणों को बीमारियों से बचाव संबंधित जानकारियां डॉक्टरों द्वारा दी गई.शिविर के दौरान मुख्य रुप से मौजूद हेल्थ सोसाईटी के डायरेक्टर गौरी शंकर महतो ने कहा कि संस्था द्वारा प्रत्येक वर्ष ग्रामीण क्षेत्र टोकलो में रक्तदान शिविर सह स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित की जाती है,ताकि क्षेत्र के लोग स्वास्थ्य के प्रति जागरुक हो सके. उन्होंने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है, आए दिन होने वाले सड़क दुर्घटना में घायल होने वाले लोगों को रक्त की जरुरत पड़ती है.संस्था द्वारा ऐसे जरुरतमंदों को समय-समय पर रक्त भी मुहैया करायी जाती है.उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर में लोगों को बढ़चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए. शिविर के दौरान रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को संस्था की ओर से प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया. इस मौके पर मधुसूदन मेमोरियल ट्रस्ट के नृपेन्द्र कुमार महतो, भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री विजय कुमार मेलगांडी,पूर्व शिक्षक शंभू महतो, सामाजिक कार्यकर्ता पंडित महतो, जनरक्षा संघर्ष समिति के अध्यक्ष अशोक तांती, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष विजय सिंह सामड समेत अन्य सामाजिक संगठन से जुड़े लोग व गांव के स्थानीय महिला-पुरूष ग्रामीण मौजूद थे.

**खास बातें**

- ग्रामीणों को बीमारियों से बचाव की जानकारियां दी
- रक्तदाताओं को संस्था ने प्रमाण पत्र भी प्रदान किया

### जिला नियोजनालय में कल लगेगा रोजगार मेला


**आदित्यपुर।** 22 फरवरी 2024 दिन गुरुवार को मॉडल कैरियर सेंटर सह जिला नियोजनालय सरायकेला में सुबह 10 बजे से रोजगार मेला का आयोजन किया गया है. इस संबंध में जिला नियोजन पदाधिकारी रवि कुमार ने बताया की रोजगार मेला में रामकृष्णा फोर्जिंग्स लिमिटेड, बीएमडब्ल्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड, ब्रेक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, बीके स्टील, टॉपलिंक हुंडई, श्री राम होंडा, देलहीवेरी प्राइवेट लिमिटेड, युवा शक्ति फाउंडेशन, यूनिवर्सल कंस्ट्रक्शन एवं छवि कंस्ट्रक्शन सहित जिले के अन्य प्रमुख एवं प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा कुल 338 विभिन्न पदों पर बहाली की जाएगी. मेले में चयनित अभ्यर्थियों को सरायकेला जमशेदपुर एवं चाईबासा में नियुक्त किया जाएगा. उन्होंने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को विभिन्न संस्थानों द्वारा 10 हज़ार रुपये से 25 हज़ार रुपये प्रतिमाह तक का वेतन भुगतान किया जाएगा.

### राज्य वृद्धा पेंशन योजना के तहत विशेष शिविर का आयोजन

**नोवामुंडी।** नोवामुंडी प्रखंड अंतर्गत गुवा पश्चिमी पंचायत भवन में मंगलवार को एक विशेष शिविर का आयोजन कर मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना अंतर्गत 50 साल से 59 साल तक के लोगों को पेंशन देने के लिए समारोह का आयोजन किया गया. यह विशेष शिविर तीन दिनों तक प्रखंड के सभी पंचायत में आयोजित होगी. समारोह का उद्घाटन नोवामुंडी भाग एक जि प देवकी कुमारी, पश्चिमी पंचायत मुखिया पद्मिनी लागुरी, पूर्वी पंचायत मुखिया चांदमनी लागुरी एवं रोजगार सेवक कृतिधर महतो ने किया. इस मौके पर नोवामुंडी भाग एक जि प देवकी कुमारी, पश्चिमी पंचायत मुखिया पद्मिनी लागुरी, पूर्वी पंचायत मुखिया चांदमनी लागुरी आदि उपस्थित थे.

### रोटरी दलमा व साकची गुरुद्वारा का फिजियोथेरेपी कैंप 25 से

**जमशेदपुर।** शहरवासियों को कई प्रकार के जोड़ों के दर्द से राहत दिलाने के उद्देश्य से रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर दलमा और साकची गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी के संयुक्त तत्वावधान में चार दिवसीय फिजियोथेरेपी कैंप का आयोजन किया जाएगा. इस संबंध में क्लब की अध्यक्ष सास्वती घोष ने बताया कि उक्त फिजियोथेरेपी कैंप का शुभारंभ 25 फरवरी को साकची गुरुद्वारा परिसर स्थित गोविंद भवन में होगा और 28 फरवरी तक चलेगा. इस क्रम में आयोजन स्थल में रोटरी क्लब के सदस्यों ने लोगों को जागरूक करने के लिए पोस्टर लांच की. लॉन्चिंग के दौरान क्लब की अध्यक्ष सास्वती घोष, सचिव मनीष चौधरी, कोषाध्यक्ष विशाल तेहरान, संयुक्त सचिव सुचिष्मिता चक्रवर्ती सहित हरविन्दर सिंह, रमनदीप सिंह सिद्धू व सतवीर सिंह मौजूद थे. सास्वती ने बताया कि उपरोक्त चारों दिन रोजाना सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक और शाम 4 से संध्या 7 बजे तक कोई भी व्यक्ति यहां आकर शिविर का लाभ उठा सकते हैं. शिविर में घुटनों का दर्द, पीठ दर्द, फ्रोजेन शोल्डर, एड़ी का दर्द, सर्विकल स्पॉन्डिलाइसिस आदि के दर्द निवारण के लिए लोग शिविर में आ सकते हैं. शिविर में उदयपुर (राजस्थान) से आनेवाले फिजियोथेरेपिस्ट रोहित कुमार शिविर में लोगों को आवश्यक परामर्श देंगे.



---

# ठेका श्रमिकों को हक के लिए संगठित होना होगा: रामा पांडेय



**संवाददाता। किरीबुरु**

मैं खुद एक ठेका मजदूर था और हूं. हमारा संगठन ठेका मजदूरों की समस्याओं की ढेर से संघर्ष करते हुये उत्पन्न हुआ है. गुआ खदान के ठेका अथवा सप्लाई मजदूरों ने संगठित होकर लड़ाई लड़ अनेक सुविधायें प्राप्त की हैं. यह बातें झारखंड मजदूर संघर्ष संघ के केन्द्रीय अध्यक्ष रामा पांडेय ने मेघाहातुबुरु कार्यालय में किरीबुरु एवं मेघाहातुबुरु के अपने कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से कहीं. उन्होंने कहा कि किरीबुरु-मेघाहातुबुरु के ठेका मजदूरों को भी अगर गुआ के ठेका मजदूरों की तरह सारी सुविधाएं व लाभ चाहिए तो यहां के सभी ठेका मजदूरों को आपसी राजनीति छोड़कर एक मंच पर आना होगा. हम स्वयं ठेका मजदूरों के हक व अधिकार के लिये सेल जैसी शक्तिशाली प्रबंधन से लड़कर गुआ के मजदूरों जैसी सारी सुविधाएं दिलायेंगे. उन्होंने कहा कि ठेका मजदूरों की तरह ही यहां के स्थायी सेलकर्मियों की अनेक समस्याएं हैं. सेलकर्मियों की समस्याओं का समाधान के लिए भी लंबी लड़ाई आपसी एकता के साथ लड़ना है. गुआ की सभी यूनियन एक साथ लड़ाई लड़कर बाहरी लोगों को गुआ खदान में योगदान देने नहीं दिया.

### आस 16 सूत्री मांगों को लेकर कल मनोहरपुर में करेगी प्रदर्शन


**किरीबुरु।** आदिवासी समन्वय समिति (आस) 22 फरवरी को 11 बजे से मनोहरपुर प्रखंड सह अनुमंडल कार्यालय के सामने 16 सूत्री मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन करेगी. इस संबंध में आस संयोजक सुशील बारला ने कहा कि हमारी मांगों में प्रखंड के सभी उच्च विद्यालयों एवं प्लस-टू उच्च विद्यालयों के सभी स्वीकृत खाली पदों में तत्काल शिक्षकों की नियुक्ति, मनोहरपुर बाजार क्षेत्र में एक सामुदायिक भवन एवं सार्वजनिक शौचालय का निर्माण, मनोहरपुर साप्ताहिक बाजार को सुन्दरीकरण करते हुए बेरोजगारों युवाओं के लिए दुकानों का निर्माण, डिम्बुली पंचायत के हाकागुई, रायडीह पंचायत के जोजोगुटु एवं लाईलोर में अद्धनिर्मित जलमीनार को तत्काल पूर्ण कर लाभुकों को जल-नल-योजना के अन्तगर्त शुद्ध पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराना, पंचपाई में अद्धनिर्मित स्वास्थ्य केंद्र को तत्काल पूर्ण करना, रबंगदा पीडब्लूडी पथ से कोलबोंगा स्कूल घर तक सड़क का निर्माण.

---

पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद, पुलिस जुटी जांच में

# मुकेश ज्वेलर्स एंड संस से सोने के 2 लॉकेट लेकर महिला फरार

**संवाददाता। आदित्यपुर**



आदित्यपुर थाना रोड स्थित मुकेश ज्वेलर्स एंड संस से सोमवार की शाम 6 ग्राम सोने का 2 लॉकेट लेकर सभ्रांत दिखने वाली एक महिला फरार हो गई है. लॉकेट चोरी करने की पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है. मुकेश ज्वेलर्स के प्रोपराइटर जगन्नाथ प्रसाद ने बताया कि सोमवार की शाम उनकी दुकान में एक महिला आई. उसने सोने का लॉकेट दिखाने को कहा. उन्हें लॉकेट से भरा डब्बा देखने को दिया गया. लेकिन मौका पाकर 3-3 ग्राम का 2 सोने का लॉकेट चोरी कर ली और लॉकेट पसंद नहीं होने की बात कहकर वह तत्काल दुकान से निकल गई. इधर जब लॉकेट का मिलान किया तो उसमें से 6 ग्राम का 2 सोने का लॉकेट गायब मिला. बाद में उस महिला को आवाज देकर बुलाया गया, लेकिन तब तक वह फरार हो चुकी थी. इसकी शिकायत दुकान के प्रोपराइटर ने आदित्यपुर थाना में की है, जो सीसीटीवी फुटेज को खंगाल कर आरोपी महिला की तलाश कर रही है.


**खास बातें**

- 3-3 ग्राम का 2 सोने का लॉकेट चोरी कर ली
- महिला को आवाज देने पर वह मौके से भाग गयी

---


न्यूज अपडेट

### केवी मेघाहातुबुरु के बच्चों ने सीखा आग बुझाने का गुर



**किरीबुरु।** केन्द्रीय विद्यालय मेघाहातुबुरु में आग से बचाव व सुरक्षा के मद्देनजर अग्निशामक यंत्रों के साथ छात्र-छात्राओं के बीच डेमोस्ट्रेशन किया गया. यह डेमोस्ट्रेशन कार्य प्राचार्य डॉ आशीष कुमार के निर्देशानुसार सेल की मेघाहातुबुरु खदान प्रबंधन के वर्कमेन इन्स्पेक्टर (माइनिंग) ए यू नायक द्वारा दिया गया. डेमोस्ट्रेशन के दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं को बताया गया की घर या कहीं भी आग लगे तो उस आग को फैलने से रोकने तथा आग पर काबू पाने हेतु अपने पास मौजूद सीमित संसाधनों द्वारा प्राथमिक उपाय क्या-क्या करना है.

### गांव-गांव तक पहुंच रहा हेमंत सोरेन का संदेश



**डुमरिया।** हेमंत सोरेन न्याय रथ मंगलवार को हांड़दा, पड़सा, पलाशबनी, डुमरिया, मंदा आदि गांव पहुंची. झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मिर्जा सोरेन के नेतृत्व मे निकली यह रथ पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के संदेश को जन जन तक पहुंचा रही है. वाहन मे लगी एलईडी स्क्रीन से वीडियो के माध्यम से हेमंत सोरेन का संदेश लोगों के घर तक पहुंच रही है. प्रखंड अध्यक्ष मिर्जा सोरेन ने बताया कि केंद्र सरकार के इशारे पर जिस प्रकार से ईडी के जरिए हेमंत सोरेन को षड़यंत्र के तहत गिरफ्तार किया गया है. मिर्जा सोरेन ने यह भी बताया कि गांव-गांव मे सर्वजन पेंशन, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, फूलों झानो आशिर्वाद योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी योजना आदि का सीधा लाभ मिल रहा है.

### कंबल पाकर बुजुर्गों के खिले चेहरे, जताया आभार



**चाईबासा।** कैबिनेट मंत्री दीपक बिरुवा के व्यस्तम कार्यक्रम के बाद झामुमो प्रखंड कमेटी ने क्षेत्र में मोर्चा संभाल लिया है. मंत्री के निर्देश पर बुधवार को सदर प्रखंड अंतर्गत गाईसूटी पंचायत के सिंद्री गांव पहुंच कर जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया. कंबल मिलते ही लोगों के चेहरे खिल गए. लेकिन मंत्री दीपक बिरुवा ने दो माह पूर्व से बढ़ते ठंड को देखते हुए अपने क्षेत्र के विभिन्न गांव में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण करने का कार्य प्रारंभ किया था. उनके व्यस्तम कार्य को देखते हुए कंबल वितरण करने का काम झामुमो प्रखंड कमेटी ने संभाल लिया है. कमेटी के पदाधिकारी ने बुधवार को गाईसूटी पंचायत पहुंच कर सैकड़ो बुजुर्गों के बीच कंबल वितरण किया.

### जंगली हाथी ने कुमार क्लब को हरा खिताब जीता



**किरीबुरु।** वॉलीबॉल वारियर्स के तत्वाधान में किरीबुरु क्लब मैदान में आयोजित लोकल नौक आउट वॉलीबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में जंगली हाथी ने कुमार क्लब को 25/24, 25/10, 25/20 के तीन सीधे सेटों में पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया. विजेता व उप विजेता टीम को बतौर मुख्य अतिथि महाप्रबंधक नवीन कुमार सोनकुशरे, महाप्रबंधक भी के सुमन एवं सहायक महाप्रबंधक रमेश सिन्हा द्वारा पुरस्कृत किया गया. इस प्रतियोगिता में पांच टीम शामिल थी. जिसमें जंगली हाथी, कुमार क्लब, आर्चरी ब्वायज, क्रिकेट-वन एवं क्रिकेट-टू कीी टीमें हिस्सा लिया. जंगली हाथी टीम से मीत करुवा, सौरभ, शुभम, सुमित, आशीष आदि शामिल थे.

### रघुनाथ महतो की मूर्ति स्थापना के लिए बनेगी कमेटी



**चांडिल।** नीमडीह प्रखंड अंतर्गत झिमड़ी चौराहे में क्रांतिवीर वीर शहीद रघुनाथ महतो की मूर्ति स्थापित की जाएगी. इसके लिए मूर्ति स्थापना समिति झिमड़ी के तत्वावधान में समिति के संयोजक प्रभात कुमार महतो की अध्यक्षता में बैठक हुई. बैठक में आसपास के गणमान्य एवं बुद्धिजीवी वर्ग के लोग शामिल हुए. मौके पर कमेटी ने निर्णय लिया गया कि 21 मार्च को भव्य रूप से स्वतंत्रता सेनानी शहीद रघुनाथ महतो का छह फीट का आदमकद मूर्ति झिमड़ी स्थित सोनाडुंगरी में स्थापित किया जाएगा. कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालन के लिए एक कमेटी का गठन 24 फरवरी रविवार को किया जाएगा. इसकी तैयारी कर लिया गया है.

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, दो अन्य घायल

**चक्रधरपुर।** बंदगांव प्रखंड की कराईकेला थाना के पास सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई. वहीं दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. बताया जाता है कि मंगलवार शाम लगभग साढ़े सात बजे कराईकेला थाना क्षेत्र के कोंकुवा गांव निवासी हरसिंह बांकिरा, सुनील पूर्ति व विक्रम डांगिल नामक युवक एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने गांव कोंकुवा जा रहे थे.मोटरसाइकिल हरसिंह बांकिरा चला रहा था और मोटरसाइकिल तेज रफ्तार में थी. तेज रफ्तार में कराईकेला थाना के पास थाना के रखे ड्रम में धक्का मार दिया. इससे मौके पर हरसिंह बांकिरा की मौत हो गई. वहीं घटना में सुनील पूर्ति व विक्रम डांगिल गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना के बाद कराईकेला थाना के अधिकारियों व जवानों द्वारा तीनों को चक्रधरपुर के अनुमंडल अस्पताल लाया गया, जहां अस्पताल के डॉक्टर नंदू होनहागा ने हरसिंह बांकिरा को मृत घोषित कर दिया. वहीं दोनों घायल का ईलाज अनुमंडल अस्पताल में किया गया.

### बदले गए 12 थानेदार और 2 ओपी प्रभारी समेत 120 दरोगा

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के 12 थानेदारों और 2 ओपी प्रभारी को बदल दिया गया है. इसको लेकर मंगलवार को एसएसपी किशोर कौशल ने आदेश जारी कर दिया है वहीं सभी को तत्काल प्रभाव से थाना की कमान संभालने को कहा गया है. जारी आदेश के अनुसार पुलिस अवर निरीक्षक नेमधारी रजक (बिरसानगर), अभिषेक कुमार (जादूगोड़ा), उपेंद्र नारायण सिंह (बोड़ाम), पवन कुमार (गुड़ाबांधा), चंदन कुमार (बरसोल) संतोष कुमार (चाकुलिया) अखिलेश कुमार (श्यामसुंदरपुर) विकास कुमार शर्मा (बहरागोड़ा) राजेंद्र कुमार मुंडा (धालभुमगढ़), रजनीश आनंद (मुसाबनी) प्रकाश कुमार रजक (गोविंदपुर) समीर तिर्की (पोटका) अमित कुमार (उलीडीह) और गौतम कुमार को (मऊभंडार) ओपी प्रभारी बनाया गया है. वहीं जिले के दरोगा की भी बदली की गई है जिसको लेकर अधिसूचना जारी कर दी गई है.

---

**दहशत** इस हाथी ने शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में खौफ पैदा किया

# दंतैल हाथी ने तीन ग्रामीणों का तोड़ा घर

**संवाददाता। किरीबुरु**



सारंडा जंगल के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में जंगली दंतैल हाथी का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है. झारखण्ड व ओड़िसा वन विभाग की टीम का संयुक्त व एकल हाथी भगाने का आपरेशन के बावजूद यह हाथी आबादी वाले क्षेत्र से घने व सुरक्षित वन क्षेत्र की ओर नहीं भाग पा रहा है. 20 फरवरी की अहले सुबह लगभग तीन बजे एक बार फिर यह दंतैल हाथी कलैता गांव में घुसकर उत्पात मचाते हुये फुलो बिरुली एवं रमेश हेम्ब्रम का घर तोड़ दिया. इसके अलावे पास के मिर्चीगडा. टोला निवासी पाईकरा चातर के घर को भारी नुकसान पहुंचाया. ग्रामीणों के काफी प्रयास के बाद हाथी गांव से जंगल की ओर भागा. यह हाथी कलैता गांव के पास हीं तालाब निर्माण वाले स्थल क्षेत्र के जंगल में छुपा है जिसे ग्रामीण भगाने जा रहे हैं. इस हाथी के भय से किरीबुरु-मेघाहातुबुरु, हिल्टौप, कलैता, मिर्चीगडा. व आसपास गांवों के ग्रामीण रात भर जागने व भय का माहौल में रहने की मजबूर हैं.

यह दतैल हाथी 19 फरवरी की देर शाम किरीबुरु के मुर्गापाडा.स्थित सीआरपीएफ कैम्प से महज कुछ मीटर की दूरी पर था. हाथी के किरीबुरु शहर में घुसने का प्रयास की खबर के बाद किरीबुरु एवं ओड़िसा के बड़बिल की वन विभाग की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुये देर रात तक हाथी को भगाने की कोशिश किया. तब यह हाथी रात्रि लगभग दो बजे कलैता की तरफ भागा. लेकिन कलैता व मिर्चीगडा.में जाकर उक्त दो लोगों का घर तोड़ दिया.

**खास बातें**

- ग्रामीणों के प्रयास के बाद हाथी गांव से जंगल की ओर भागा
- जंगली दंतैल हाथी का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा

---

# डीसी ने किया पेंशन योजना शिविर का उद्घाटन

**संवाददाता। जमशेदपुर**



राज्य सरकार के द्वारा 60 वर्षीय आयु से पेंशन राज्य की जनता को दी जा रही थी पर वर्तमान समय में महिलाओं को 50 वर्ष और अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के पुरुषों को 50 वर्ष से पेंशन की सुविधा दी जाएगी. इसे लेकर जमशेदपुर प्रखंड व अंचल कार्यालय परिसर में तीन दिवसीय पेंशन शिविर लगाया गया जहां इस शिविर का शुभारंभ जिले के उपायुक्त अनन्य मित्तल ने दीप प्रज्वलित कर किया. इस दौरान डीडीसी मनीष कुमार, अंचलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, सामाजिक कल्याण पदाधिकारी समेत पंचायत प्रतिनिधि व स्थानीय लोग मुख्य रूप से मौजूद थे. मौके पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उपस्थित लोगों को इस योजना के लाभ के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई.

इस दौरान प्रशासनिक पदाधिकारी ने गुब्बारे छोड़कर और शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया. उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि राज्य सरकार की यह कल्याणकारी योजना है ऐसे में अंतिम व्यक्ति तक इसका लाभ मिल सके इसका लक्ष्य निर्धारित करते हुए जिले के विभिन्न पंचायत में शिविर लगाया जा रहा है साथ ही-साथ लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता रथ रवाना किया जा रहा है ताकि लोग इस कल्याणकारी योजना से लाभान्वित हो सके.

### पेंशन योजना को लेकर तीन दिवसीय शिविर का शुभारंभ

**घाटशिला।** मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना अंतर्गत मंगलवार को घाटशिला प्रखंड कार्यालय परिसर में तीन दिवसीय प्रखंड स्तरीय पेंशन शिविर का शुभारंभ किया गया . शिविर का उद्घाटन अनुमंडल पदाधिकारी सच्चिदानंद महतो एवं प्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलित कर किया . मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए एसडीओ ने कहा कि मुख्यमंत्री राज वृद्धावस्था पेंशन योजना अंतर्गत न्यूनतम उम्र सीमा 60 वर्ष को घटकर 50 वर्ष किया गया है . इसमें राज्य की महिलाओं तथा अनुसूचित जनजाति अनुसूचित जाति वर्ग के लिए निर्धारित किया गया है .

